प्रसारण तिथि : 04.08.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मॉनसून सत्र के दूसरे दिन आज सरकार ने पेश किया 59 हजार 19 करोड़ 54 लाख रुपये का अनुपूरक बजट : वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा– प्रदेश के विकास की गति को आगे बढ़ाएगा यह बजट।
2. 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को यूपी रोडवेज बसों में मिलेगी निशुल्क यात्रा की सुविधा : अनुपूरक बजट में किया गया सौ करोड़ रुपये का प्रावधान।
3. ब्रिक्स सदस्य देशों के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयों के प्रमुखों की दो दिवसीय बैठक लखनऊ में सम्पन्न : संयुक्त बयान को औपचारिक रूप से अपनाने पर बनी सहमति।

और

4. केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज सारनाथ में धार्मिक स्तूप का किया भ्रमण : कहा– विश्व धरोहर का दर्जा मिलने से स्थानीय अर्थव्यवस्था होगी मजबूत।

———————

प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मॉनसून सत्र के दूसरे दिन विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच आज विधानसभा में वित्त वर्ष 2026–27 के लिए उन्सठ हजार 19 करोड़ 54 लाख रुपये का अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। इस

बजट में केंद्र सरकार से 11 हजार 240 करोड़ 97 लाख रुपये की मदद अंशदान के रूप में मिलेगो। एक रिपोर्ट.....

*वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वित्त वर्ष 2026–27 की अनुपूरक अनुदान मांगों को सदन के समक्ष प्रस्तुत करते हुए कहा कि इसमें राजस्व लेखे का व्यय 17 हजार 399 करोड़ 50 लाख रुपये तथा पूंजी लेखे का व्यय 41 हजार 620 करोड़ 04 लाख रुपये है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रस्तावित अनुपूरक में मुख्यतः भारी एवं मध्यम उद्योगों के लिए 22 हजार 107 करोड़ 88 लाख रुपये, ग्राम्य विकास विभाग के लिए 17 हजार 942 करोड़ 73 लाख रुपये, ऊर्जा विभाग के लिए 74 हजार 22 करोड 27 लाख रुपये, और चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए लगभग दो हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। वहीं समाज कल्याण के लिए 1655 करोड़ रुपये, महिला कल्याण विभाग के लिए एक हजार चौरान्नावे करोड़ रुपये और लोक निर्माण विभाग के लिए करीब 700 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

अनुपूरक बजट मं प्रदेश में 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को यूपी रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सदन को भरोसा दिलाया कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति पूरी तरह मजबूत है। श्री खन्ना ने कहा कि य बजट प्रदेश के विकास की गति को आगे बढ़ाएगा। बाइट.....

*सप्लीमेंट्री बजट का जो नाम से विशेष रूप से जो हमारा ऑन गोइंग स्कीम से उसको पूरा करना और जहां पर आवश्यकता पड़े जो जन हित के काम जरूरी हो उनको करवाना इसलिए मैं समझता हूं कि यह बजट निश्चित रूप से हमारे विकास की गति को आगे बढ़ाएगा।*

उधर् सदन में अयोध्या मंदिर चढ़ावा मामले, पेपर लीक तथा अन्य मुद्दों को लेकर विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधा और वेल में आकर नारेबाजी की।

वहीं मानसून सत्र के दूसरे दिन विधान परिषद में नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य न वित्तीय वर्ष 2026–27 के अनुपूरक अनुदान की मांगों को सदन में प्रस्तुत किया, जबकि समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने प्रदेश में उर्वरक व बीज का मुद्दा उठाया। नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि खाद व बीज किसानों को समय से नहीं मिल पा रहा है। सपा सदस्य डॉ मान सिंह यादव ने विगत तीन वर्षों में प्रदेश के किसानों को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के लिए आवंटित बजट पर प्रश्न पूछा।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विधानसभा में अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावा गबन मामले पर समाजवादी पार्टी के हंगामे पर मीडिया से बातचीत में कहा कि ये आचरण न केवल सदन की अवमानना है, बल्कि अलोकतांत्रिक है। सदन नियमों और परंपराओं से चलता है। बाइट.....

*अयोध्या से राम जन्मभूमि से संबंधित मामले में यह जानते हुए कि माननीय उच्चतम न्यायालय में यह मामला लंबित है। उस पूरे प्रकरण की गंभीरता को समझते हुए भी इन्होंने न केवल आज सदन की अवमानना की है, सदन का अपमान किया है, साथ ही माननीय उच्चतम न्यायालय में लंबित और माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी में चल रही उस पूरी प्रक्रिया*

*को भी अपमानित करने का शर्मनाक प्रयास समाजवादी पार्टी के द्वारा किया गया।*

——————————

ब्रिक्स सदस्य देशों के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयों के प्रमुखों की दो दिवसीय बैठक आज लखनऊ में संयुक्त बयान को औपचारिक रूप से अपनाने के साथ संपन्न हुई। यह बयान ब्रिक्स सदस्य देशों में सांख्यिकीय ढांचे को अधिक मजबूत, पारदर्शी और नीति–प्रासंगिक आधिकारिक आँकड़ों के लिए आधार तैयार करता है। बैठक के दूसरे दिन, भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय और स्टैटिस्टिक्स इंडोनेशिया ने आधिकारिक आंकड़ों, क्षमता निर्माण और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने के लिए एक द्विपक्षीय बैठक के दौरान लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता ज्ञान के आदान–प्रदान, तकनीकी और पद्धतिगत प्रगति, मानव संसाधन विकास, एआई, मेटा डेटा मानकीकरण और ओपन डेटा जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक ढांचा प्रदान करता है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में 350 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें ब्रिक्स के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयों के प्रतिनिधि, नीति निर्माता, शिक्षाविद, थिंक–टैंक, नागरिक समाज संगठन और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल थे।

——————————

प्रदेश सरकार ने आज राज्य के 13 आईएएस अफसरों का स्थानांतरण किया है। इनमे चार मंडलायुक्त भी शामिल हैं। इंद्र विक्रम सिंह को गोरखपुर मंडल का नया आयुक्त बनाया गया है। प्रबंध निदेशक पीसीडीएफ वैभव श्रीवास्तव को बस्ती का मंडलायुक्त, शंभू कुमार को प्रबंध निदेशक पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड से हटाकर बरेली का मंडलायुक्त और डॉ. लोकेश एम को प्रयागराज मंडल की जिम्मेदारी दी गई है।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत अपने एक दिवसोय दौरे पर आज वाराणसी पहुंचे। श्री शेखावत ने यूनेस्को द्वारा सारनाथ को विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने के पश्चात सारनाथ में धार्मिक स्तूप सहित पुरातात्विक खंडहरों का भ्रमण किया। इस अवसर पर

उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विश्व धरोहर का दर्जा मिलने के बाद देश–विदेश से आने वाले पर्यटकों और बौद्ध श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है, जिससे पर्यटन, संस्कृति और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नया आयाम मिलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह उपलब्धि सारनाथ के संरक्षण, संवर्धन और वैश्विक स्तर पर उसके प्रचार–प्रसार को नई गति देगी तथा भारत की सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल पर और अधिक प्रतिष्ठा दिलाएगी। बाइट.....

*यह सारनाथ का यह मोमेंट इंक्रिप्ट होने के बाद में निश्चित ही यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में बहुत बड़ी अभिवृद्धि करेगा। सारनाथ से निकलकर के जो संदेश भारत के संदेश के रूप में भगवान बुद्ध के संदेश के रूप में धर्मचक्र के प्रवर्तन के साथ में जो संदेश यहां से निकला, इस संदेश ने दुनिया के बहुत बड़े हिस्से का बहुत बड़ी आबादी के जीवन को अवलंबन दिया है।*

केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने इसके पूर्व वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ में दर्शन पूजन भी किया।

——————

भारतीय किसान यूनियन धनसिंह कोतवाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गुर्जर ने मेरठ में एक प्रेसवार्ता में कहा कि एथनॉल उत्पादन में वृद्धि से किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि एथनॉल उत्पादन गन्ना, मक्का और धान उत्पादक किसानों के लिए फायदेमंद है।

——————

राजधानी लखनऊ, सुल्तानपुर, शामली सहित प्रदेश के कई जिलों में हो रही बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं हापुड़ मे भारी बारिश केचलते कुछ जगहों पर जलभराव की वजह से लोगों को परेशानी भी हुई।एक रिपोर्ट.....

*बारिश को लेकर मौसम विभाग ने पहले से ही अलर्ट जारी किया था। जनपद हापुड़ में सावन मास की पहली तेज बारिश हुई। जिससे उमस भरी गर्मी से राहत मिली। जनपद हापुड में बारिश से जगह जगह जलभराव की स्थिति बनी। वहीं बारिश के चलते किसानों के चेहरों पर भी मुस्कान दिखाई दी। किसानों के खेतों में खड़ी गन्ना , धान सहित सभी फसलों के लिए यह बारिश लाभकारी बताई जा रही है। हरिद्वार और बृजघाट से कांवड़ लेकर आते कांवड़िए बारिश में भीगते हुए काफी आनंदित दिखाई दिए। रविंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, हापुड।*

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

(समाप्त)